The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes past Fourteen of the Clock.

———

14.35 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Thirty Five Minutes past Fourteen of the Clock.

14.35 ½ hrs (Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

MATTERS UNDER RULE 377

माननीय सभापति : नियम 377 के अधीन मामले।

श्री गणेश सिंह जी।

(i) Regarding promotion of natural farming

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति महोदय, भारत सरकार द्वारा रासायनिक उर्वरक की जगह जैविक खाद का उपयोग किसान करे, इस दिशा में कई कारगर कदम उठाये गये हैं। इस बजट में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान किया गया है। भारत सरकार गंगा नदी के 10 किलोमीटर दोनों तरफ प्राकृतिक खेती करने का पायलट प्रोजेक्ट लाने जा रही है।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि मध्यप्रदेश में नर्मदा, टमस, सेमरावल, केन, बेतवा जैसी कई प्रचुर मात्रा में जल-प्रवाह वाली नदियां हैं, उन्हें भी प्राकृतिक खेती के लिये पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया जाय। मैं विशेष रूप से अपने क्षेत्र सतना के अन्तर्गत टमस सेमरावल और सतना नदी को इस योजना में शामिल करने की मांग करता हूँ।

माननीय सभापति: श्रीमती अपराजिता सारंगी जी।

… (*Interruptions*)

(ii) Regarding establishment of a DRDO lab, Ordnance factory, Sainik School and Defence Recruitment Centre at Deoghar

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): Deoghar has been included in the list of prominent cities and has been declared as a mega tourist destination by the Ministry of Tourism, Govt. of India. Deoghar is a unique and extremely revered site of one of the 51 Shaktipeeths and also of Dwadash Jyotirlinga in the country. This is a religious and cultural capital of Eastern India which catapults the holy place to an international acclaim and is visited by over 5 crore pilgrims every year.

I request for kind consideration of the following:

1. Regarding the requirements of land for the proposed Military Station, the area available will be approximately 400 acres which can be reduced or increased once the feasibility is done. The land will be near the ongoing DRDO centre project at Deoghar (Jharkhand).

2. DRDO Lab at Deoghar (Jharkhand)

3. Ordnance Factory or any defence infrastructure project at Deoghar (Jharkhand)

4. Sainik School at Godda (Jharkhand)

5. Defence Recruitment Centre at Deoghar.

You know well that large parts of the State are affected by Naxalism and terrorism. The spread of Naxalism and terrorism is an indication of the sense of desperation and alienation that is sweeping over large sections of Jharkhand's

Santhal Pargana region, which have not only been systematically marginalized but also cruelly exploited and dispossessed.

माननीय सभापति: श्री संजय काका पाटील जी। श्री सुनील कुमार सिंह जी। डॉ. सुजय विखे पाटील जी।

… (*Interruptions*)

(iii) Need to curb pollution in Indira Gandhi Canal and also to grant Membership of BBMB to Rajasthan

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): सभापति महोदय, राजस्थान की औद्योगिक ईकाइयों द्वारा पानी में बढ़ते प्रदूषण के कारण इंदिरा गाँधी नहर का पानी पीने व सिंचाई योग्य नहीं रह गया है। राजस्थान प्रदेश में पानी एक बड़ी समस्या है और बहुत ही सीमित मात्रा में इसकी उपलब्धता है। इंदिरा गाँधी नहर, जिसका पानी पंजाब, हरियाणा और राजस्थान प्रदेश को आवंटित होता है, उसमें प्रदूषण बहुत ही खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों के लिए जीवनदायिनी बन चुकी इंदिरा गांधी नहर अब बीमारियों का कारण बन रही है। पंजाब से आ रहे बेहद प्रदूषित पानी का इस्तेमाल करने वाले लोग बड़ी संख्या में बीमार हो रहे हैं और पीलिया व कैंसर जैसे रोग में बढ़ोतरी हुई है। राजस्थान के हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिलों में इस प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर देखा जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के अंतर्गत पंजाब सरकार को कुल 663.20 एमएलडी क्षमता के 26 सीवेज शोधन संयंत्रों को स्थापित करने के लिए 774 करोड़ रूपए जारी किये थे। अब बीबीएमबी में हरियाणा और पंजाब का एकाधिकार समाप्त कर दिया गया है। इसी कड़ी में मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि अब राजस्थान को भी बीबीएमबी में सदस्यता प्रदान की जाए।

(iv) Need to establish Kendriya Vidyalayas in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द): माननीय सभापति जी, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद (राजस्थान) के अंतर्गत राजसमंद, मेड़ता, भीम और जैतारण में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद में बड़ी संख्या में सैनिक परिवार और केन्द्रीय कर्मचारी निवास करते हैं और उच्च गुणवत्तापूर्व शिक्षा प्राप्ति के लिए यहां केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग लगातार की जाती रही है। मैंने इस संबंध में माननीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर पूर्व में अनुरोध भी किया है। राजसमंद, मेड़ता और भीम में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं और केन्द्रीय विद्यालय संगठन के जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय से प्रस्ताव संगठन के मुख्यालय में भिजवा दिया गया है जबकि जैतारण की प्रक्रिया अभी बाकी है। स्कूल शिक्षा में नए कीर्तिमान स्थापित करने में केन्द्रीय विद्यालय की महत्ती भूमिका है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से विद्यार्थियों का भविष्य संवर सकता है। इसके लिए आवश्यकता के अनुसार क्षेत्रों में केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना होनी चाहिए। पूरा राजसमंद लोकसभा क्षेत्र लाभान्वित हो इसके लिए केंद्रीय विद्यालय खोलने की अनुमति मिलना आवश्यक है।

अत: मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जिला मुख्यालय राजसमंद, मेड़ता, भीम और जैतारण में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाएं।

(v) Regarding plight of jute mills and jute growing farmers

SHRI ARJUN SINGH (BARRACKPUR): Sir, I would like to draw the kind attention of the hon. Textile Minister to the jute Industry in West Bengal. The jute industry is going down, and the employees of this industry have lost their jobs in large numbers. The bureaucracy is fully responsible for the plight of jute farmers and jute mills. It is because of a big difference in jute prices between the Government price and the market price, mediator in the market gets full benefit, and makes huge profit, which actually belongs to farmers and jute mills. For the first time in the history, the Jute Commissioner had fixed the rate of jute in September 2021 at Rs.6500 per quintal while the market price stood very high at around Rs.6700 to Rs.9000 per quintal, as per the Jute Balers' Association. If the farmers do not get fair price for their crop, they will be encouraged to divert cultivation of jute to other crops. I request the hon. Textile Minister to please look into the matter, and save jute mills and their workers, who suffer due to such fixation of rates. Therefore, Mr. Chairman, through you, I request the Government to look into this issue of public importance.

(vi) Regarding alleged irregularities in storage of paddy in Chhattisgarh

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): सभापति महोदय, छतीसगढ़ के किसानों की धान ग्रामीण सहकारी सभा के द्वारा खरीदी जाती है। जहां राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित एजेंसी द्वारा 72 घंटों में धान को खरीदी केंद्र से उठाकर भंडारण केंद्र में ले जाने का प्रावधान है। लेकिन, दिसम्बर माह मे खरीदी गई धान को अब मार्च में उठया जा रहा है। ऐसे में धान की सूखती आना स्वाभाविक है और सरकार द्वारा भी 3% की छूट दी गई है।

लेकिन, वर्तमान में 0% सूखती दर्शाओ कहकर प्रशासनिक अधिकारी द्वारा धान खरीदी केंद्र प्रभारी एवं संबंधित सह-सभा के प्रबन्धक/ समिति के विरुद्ध कार्यवाही कर यहाँ तक की उनकी मोटर साइकिल और घर सम्पति का ब्यौरा मांगा जा रहा है। इस प्रकार राज्य प्रशासन के अधिकारी खरीदी केन्द्रों के प्रभारियों/ समितियों के ऊपर कार्रवाई कर रहे हैं।

अत: सदन के माध्यम से सरकार से मेरी गुजारिश है कि उक्त संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गई लापरवाही हेतु केंद्रीय जांच दल भेजकर जांच कराई जाए तथा ग्रामीण सहकारी समितियों के सदस्यों को होने वाली आर्थिक क्षति से बचाई जाए।

(vii) Need to accelerate pace of construction work of Rewa-Singrauli railway line, part of Lalitpur-Singrauli Railway line Project

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): सभापति महोदय, आज मैं माननीय रेलमंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूं कि मेरे रेल विहीन संसदीय क्षेत्र सीधी के लिए ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना अति महत्वपूर्ण व रेल के सपनों को साकार करने वाली है। 2015 में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा विशेष रुचि लेते हुए इस परियोजना के कार्यों के लिए समय सीमा निर्धारित की गई थी जिसके कारण कार्यों में तीव्रता आई। उसी का परिणाम है की बघवार के छुहिया घाटी में मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा रेलवे टनल बनकर तैयार हो गया है। अभी कुछ दिन पहले रेलमंत्री जी ने उक्त टनल की फोटो भी पोस्ट की थी, परंतु मैं सनिवेदन अवगत कराना चाहती हूं कि उक्त परियोजना के भाग रीवा से सिंगरौली में तीव्रता लाने की आवश्यकता है। विगत महीनों में परियोजना के कार्यों की गति में कमी आई है।

मेरा आग्रह है की ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के भाग रीवा से सिंगरौली के कार्यों में तीव्रता लाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया जाये, जिसके फलस्वरूप माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा निर्धारित समय सीमा में परियोजना का कार्य पूर्ण हो सके।

(viii) Need to continue the services of Poshan Sakhi in Jharkhand

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): सभापति महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित Umbrella ICDS के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य में वर्ष 2016 में राज्य के छह जिलों धनबाद, गिरिडीह, दुमका, गोड्डा, कोडरमा और चतरा में 10388 पोषण सखी नियुक्त की गई थीं। राज्य में बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए लगन और ईमानदारी के साथ विगत छः साल से काम कर रही थी, जिसके परिणामस्वरूप कुपोषण के मामलों में कमी आई है। कारोनाकाल में भी पोषण सखियों द्वारा सराहनीय काम किया गया। इन पोषण सखियों को वेतन के रूप में मात्र 3000/- महीना की दर से मानदेय दिया जाता है। यह मानदेय भी कई महीनों तक लम्बित रहता है। झारखण्ड की वर्तमान सरकार ने 25 मार्च, 2022 को एक आदेश जारी करते हुए इन छः जिलों की सभी 10388 पोषण सखियों की सेवाएं 01 अप्रैल 2022 से समाप्त कर दी हैं । झारखण्ड सरकार द्वारा पोषण सखियों को बेरोजगार कर दिया गया। मात्र 100 रूपये प्रतिदिन मानदेय पर काम करने वाली पोषण सखियां 6 साल तक काम करने के बाद अब कहां पर जाएंगी? इनकी पढ़ाई व महत्वपूर्ण 6 साल राज्य की सेवा में लगा दी है। राज्य को कुपोषण व कोरोना से बचाने में अपना भरपूर सहयोग करने के बाद अब ये पोषण सखियां बेरोजगार हैं।

मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से मांग है कि झारखण्ड राज्य के छः जिलों धनबाद, गिरिडीह, दुमका, गोड्डा, कोडरमा और चतरा में 10388 पोषण सखी की सेवाएं स्थायी रूप से जारी रखने के निर्देश दें। पोषण सखियों के लम्बित मानदेय का भुगतान तत्काल किया जाए।

(ix) Regarding construction of Rajasthan Sabarmati link Canal

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा जिले के अंतर्गत धानेरा, दांतीवाडा, लाखनी, डीसा, थराद, अमीरगढ, दांता, पालनपुर और दीयोदर तहसीलों में भूगर्भ जल स्तर काफी नीचे है और यह भूजल स्तर निरंतर नीचे जाता ही जा रहा है। यदि हम भूजल के वर्तमान स्तर की बात करें, तो यहां हजार फुट पर भी पानी नहीं मिल पा रहा है। यह अपने आपमें एक जटिल एवं विकराल समस्या का रूप ले रही है और किसान इस समस्या के कारण त्रस्त हैं। इसी वजह से किसानों को सिंचाई के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ मैं स्वयं भी एक किसान हूं, इस नाते मैं किसानों की यह पीड़ा को भलीभांति महसूस कर सकता हूं।

महोदय, मेरा यह क्षेत्र किसान बहुल है और यहां के सभी किसान कृषि और पशुपालन के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं और इनके पास आय का दूसरा कोई श्रोत भी नहीं है। इसलिए जीविकोपार्जन के साधन जुटाने में भी अनेक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

भारत में भूजल भण्डार के लगातार कम होने की चिंता को दूर करने के लिए हमारी सरकार द्वारा अटल भूजल योजना चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से देश के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भूजल प्रबंधन में सुधार करना है। इसी योजना के अंतर्गत राजस्थान साबरमती लिंक कैनाल को बनाए जाने का प्रावधान रखा गया है। यदि इस कैनाल का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाए, तो मेरे संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त बताए गए तहसीलों में पानी की सिंचाई का एक नया श्रोत मिल जाएगा, जिसका लाभ यहां के किसानों को मिलेगा और एक जटिल समस्या का कुछ हद तक निवारण भी हो सकेगा।

महोदय, इस कैनाल के साथ हमें और भी सिंचाई के साधन को तलाशना होगा, जिससे कि इस समस्या का पूर्णतः निवारण हो जाए। अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है की मेरे संसदीय क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए।

(x) Regarding construction of a bridge for pedestrian traffic across railway lines in Naroda railway station, Ahmedabad, Gujarat

श्री हँसमुखभाई एस. पटेल (अहमदाबाद पूर्व) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह बताना चाहता हूं कि पश्चिम रेलवे द्वारा मेरे निर्वाचन क्षेत्र अहमदाबाद पूर्व (गुजरात) में आया नरोडा रेलवे स्टेशन को रिनोवेट किया जा रहा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी एवं माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को धन्यवाद करता हूं। नरोडा रेलवे स्टेशन रिनोवेट किया जा रहा है। उसके दोनों तरफ बाहर से पैदल आने-जाने का रास्ता नहीं है। जिस वजह से रेलवे स्टेशन के दोनों तरफ रहने वाले लोगों एवं स्कूल और कॉलेज के छात्रों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिस वजह से स्कूल व कॉलेज में छात्रों एवं नौकरी पेशा करने वाले लोगों को स्टेशन ट्रैक के ऊपर से जाना पड़ता है। जिस की वजह से कभी भी दुर्घटना होने की संभावना है। इस वजह से रेलवे द्वारा रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ से लोगों को मजबूरी वश रेलवे ट्रैक क्रॉस न करना पड़े, इसलिए पैदल पुल का निर्माण करना अति आवश्यक है।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि जल्द से जल्द नरोडा रेलवे स्टेशन पर पैदल पुल बनाया जाए।

(xi) Need to provide adequate compensation to farmers whose lands have been acquired for fencing purpose in border areas of Jammu and Kashmir

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जम्मू कश्मीर राज्य के उन सीमावर्ती स्थानों की और ले जाना चाहता हूँ, जहाँ की सीमा पर तारबंदी हुई है। तारबंदी के कारण, तारबंदी के दूसरी ओर जो खेती की जमीन थी एवं जिसका अधिग्रहण कर लिया गया है, उस जमीन पर खेती करने वाले किसान बेरोजगार हो गए हैं। उनकी जमीन ही एकमात्र सहारा है। जब से उनकी जमीन तार के उस पार चली गई है, तब से वह बड़ी मुसीबतों की जिन्दगी जी रहें हैं। उनको भुखमरी की नौबत आ गई है। इस तारबंदी की व्यवस्था में उन गरीब किसानों का क्या दोष है? ना ही उन्हें कोई रोजगार मिला और ना ही उन्हें उस जमीन का मुआवज़ा अभी तक मिला है, जिससे कि वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

अतः सभापति महोदय जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूँ कि उन किसानों को जल्द से जल्द मुआवज़ा देने का कष्ट करें।

माननीय सभापति : श्री राहुल कस्वां जी – उपस्थित नहीं।

श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी – उपस्थित नहीं.

(xii) Regarding road accident insurance plan for licensed vehicle drivers

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): माननीय सभापति महोदय, देश में प्रतिदिन बड़े पैमाने पर सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें लाइसेन्स धारी ड्राइवरों की प्रतिदिन मौतें हो जाती हैं। ड्राइवरों के ड्राइविंग लाइसेंस जारी करते समय दुर्घटना बीमा की व्यवस्था नहीं है। यदि कोई लाइसेन्स धारक ड्राइवर की दुर्घटना में मृत्यु होती है, तो दुर्घटना के पश्चात उसके आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। जैसे कृषक दुर्घटना बीमा, श्रमिक दुर्घटना बीमा, श्रम कार्ड धारकों का बीमा के तहत इनके आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाती है। किन्तु यदि कोई ड्राइविंग लाइसेन्स धारी ड्राइवर की मृत्यु होती है, तो उनके आश्रित परिवार दर-दर की ठोकरे खाते घूमते हैं। यदि जैसे रजिस्टर्ड श्रमिकों को दुर्घटना बीमा दिए जाने का प्रावधान है, उसी प्रकार लाइसेन्स धारी ड्राइवरों को भी दुर्घटना बीमा योजना दिया जाना जनहित में आवश्यक है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मांग करता हूँ कि देश में ड्राइवर दुर्घटना बीमा योजना लागू कराने का कष्ट करें।

(xiii) Regarding declaration of State road from Mannarkkad to Coimbatore via Attappadi and Chinna Thadagam as sub-highway to National Highway No. 966

SHRI V.K. SREEKANDAN (PALAKKAD): It has been a long pending demand of the people, mostly Tribals, living in Attappadi, to declare the State road from Mannarkkad to Coimbatore via Attappadi and Chinna Thadagam as sub-highway to National Highway No. 966. Declaring this State road as sub-highway to National Highway No. 966 will really help the tribal people. Due to the present condition of roads, the people are not able to save the lives of their near and dear ones as journey to the nearest hospitals at Perinthalmanna or at Coimbatore takes a lot of time, and in between patients succumb to illness.

Moreover, Attappadi is an agricultural area cultivating many types of spices and other agricultural produce. These tribal farmers are finding it very difficult to transport their produce to the nearby market at Coimbatore, and as such are unable to get a decent price for their produce.

Declaring this State road as sub-highway, and the expected development on this account will reduce travel distance from Kozhikode to Coimbatore, and can save fuel as well as pave the way for overall development of this tribal inhabited area. Therefore, it is urged that the said State road may please be declared as sub-highway to National Highway No. 966 urgently.

15.00 hrs

(xiv) Regarding prices of life-saving drugs

ADV. DEAN KURIAKOSE (IDUKKI): Prices of essential medicines including painkillers, antibiotics, anti-infectives are set to go up from April with the Government allowing an increase of over 10 per cent for the scheduled drugs.

India's drug pricing authority on Friday allowed a price hike of 10.7 per cent for scheduled drugs, which are under price control. This is the highest price hike allowed. Over 800 drugs under the National List of Essential Medicines (NLEM) will see a price rise from April.

The NLEM list includes drugs like paracetamol, antibiotics like azithromycin used to treat bacterial infections, anti-anemia, vitamins and minerals. Some drugs used for treating moderately to severely ill COVID-19 patients and steroids are also included in the list.

These medicines have a profound impact on the lives of people. The Government’s reasoning around inflation indexing of price does not hold water in a country like ours where crores of people struggle to buy food, let alone lifesaving medicines. I urge upon the Government to reverse this decision and ensure that lifesaving drugs stay affordable to the people of India.

(xv) Regarding setting up of a trading point along the Indo-Bangladesh Border in Murshidabad district, West Bengal

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Setting up of a trading point along the Indo-Bangladesh Border in the district of Murshidabad, West Bengal to facilitate commercial exchange with Bangladesh.

HON. CHAIRPERSON: Dr. Kalanidhi Veeraswamy -- not present.

Shri Raghu Rama Krishna Raju.

(xvi) Regarding naming of Centrally-sponsored schemes by Andhra Pradesh Government

SHRI RAGHU RAMA KRISHNA RAJU (NARSAPURAM): I draw the attention of the Government to the issue of renaming the Centrally-sponsored schemes by Andhra Pradesh Government. Almost, all the Central schemes are being renamed on the personal names of the Chief Minister and his family names. For example, PM Kisan Samman Nidhi Scheme has been termed as YSR Rythu Barosa, PM Fasal Bima Yojana as YSR Free Crop Insurance Scheme, and other farmer welfare schemes are termed as YSR Zero Interest Farm Loans, YSR Polambadi, YSR Organic Policy, YSR Agriculture Testing Labs.

State is trying to take credit through nomenclature based on the Chief Minister, his family members and even his lineage while grants are made from the Central Government budgets. Recently, hon. Finance Minister on her recent visit to AP observed and raised the issue before media and alerted the concerned officials to be more vigilant in implementing the schemes. When the matter was brought to the notice of hon. Minister of Women and Child Development, she had promptly acted and communicated that the ban of co-branding any Central-sponsored schemes will be viewed seriously.

I request the Government to take swift corrective action in the matter before it goes out of control.

HON. CHAIRPERSON: Shri Kuruva Gorantla Madhav – not present.

(xvii) Regarding sanction of an integrated cold storage for Potatoes in Arambagh Parliamentary Constituency

SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAGH): Sir, West Bengal is a major potato-growing State of India and farmers mainly grow Jyoti, Chandramukhi and hybrid varieties like Super S1, Super 6 and Pokhraj. Around four lakh Lakh acres of land is under potato cultivation in Bengal and an estimated 10 lakh farmers are engaged in potato farming. Potato production in West Bengal is higher by nearly 16 per cent at 110 lakh tonne out of which 71 lakh tonne of potatoes were kept in cold. storage this year.

In Potato farming, cool temperature is of utmost importance for good produce. My constituency of Armabagh has substantial number of potato farmers who store their produce in cold storages for which they have to fork out additional fees, often to private entities. West Bengal has vast growth potential in the horticulture sector and being one of the leading producers of potato, there is a requirement to shift from cold storages to integrated cold chains to realise its full potential. Modernisation-cum-retrofitting of the existing traditional cold storages into multi-purpose cold storages will be the right step. In view of the expected high production of potato in West Bengal in the current year, I request the Government to sanction an integrated cold storage for potatoes in my constituency of Arambagh.

(xviii) Regarding hike in prices of Petroleum Products

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, thank you for thanking us.

Under Rule 377, I point out to the astronomical … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Kindly go by your text.

PROF. SOUGATA RAY: Sir, one or two lines may be here or there.

माननीय सभापति : आप अपने टैक्स्ट पर रहिए।

PROF. SOUGATA RAY: Sir, you look at Rule 377 in the book. I am going by the book.

HON. CHAIRPERSON: No.

PROF. SOUGATA RAY: Please allow me. This is a very important matter. Petrol and diesel rates in the country have sharply increased after the latest round of fuel price hike by oil marketing companies (OMCS). Experts have said that the continuous increase in fuel prices will have a widespread impact on citizens and the overall economy. The petrol and diesel prices across the country continued their northward march and its retail rates to unprecedented levels while burning bigger holes in the consumers' pockets. The common people are cutting on their other expenses to manage their spending on fuel prices. Every citizen of the country is in anguish and deep distress regarding the spiralling fuel and gas prices. India is witnessing systematic erosion of jobs, wages and household income. The middle class and those at the margins of our society are struggling. These challenges have been compounded by runaway inflation and an unprecedented rise in price of almost all household items and essential commodities. I urge upon the Government to intervene

in the matter and take immediate steps to check the steep hike in the prices of petroleum products daily.

(xix) Regarding construction of RoB, VUP and CUP on NH 52 in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : मेरे लोकसभा क्षेत्र चुरू में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 को 2 लेन से 4 लेन का किये जाने हेतु कार्य प्रारंभ किया जाना हैं। सड़क निर्माण से पूर्व सड़क की सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सड़क का निरिक्षण किया गया था। इस निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अनेक स्थानों पर दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु VUP व CUP बनाये जाने की अत्यंत आवश्यकता हैं। गाँव भांगीवाद, बाघसरा, आथुना, खोटिया, ढाणी डीसपुरा, रामसरा, ढाढर, लाखाऊ, लादडीया, दुधवा खारा, सादुलपुर बाईपास पर खेमाणा, ढढाल व गुलपुरा के रास्ते पर, श्योपुरा व इन्दासर वे गाँव हैं, जहाँ इनकी अत्यंत ही मांग थी। काफी स्थानों पर ग्रामीणजन के द्वारा इनके साथ-साथ ROB बनाये जाने हेतु भी मांग की थी। इनका एक मुख्य कारण यह भी हैं कि इन गाँवों में रिहायशी इलाका एक तरफ व सभी सरकारी संस्थाएं व रेलवे स्टेशन दूसरी तरफ पड़ती हैं और आमजन को अनेकों बार सड़क को पार करना पड़ता हैं, जिससे लगातार दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती हैं और काफी स्थानों पर दुर्घटनायें होती भी हैं, जिसकी वजह से आमजन का जीवन खतरे में रहता हैं। अतः मेरा सदन के माध्यम से सरकार अनुरोध हैं कि इन सभी स्थानों पर ROB, VUP व CUP आवश्यकता अनुसार बनवाए जायें, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को होने से बचाया जा सकें।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Sanjay Jadhav – not present.

(xx)Regarding implementation of Pradhan Mantri Awas Yojana (G) in Odisha

SHRI CHANDRA SEKHAR SAHU (BEHRAMPUR): The Ministry of Rural Development opened Awas plus window to identify the eligible households left out from the Permanent Wait List (PWL) of Pradhan Mantri Awas Yojana (G) by 7th March, 2019. Our State of Odisha could register only 35,000 households within the stipulated period as the functionaries were preoccupied with the work of General Elections of 2019. After Cyclone Fani, Awas plus window was opened for 14 affected districts during September – October, 2019. Our State identified 7.87 lakh households in these districts making the total registration to 8.22 lakhs. The Ministry allotted the target of 8.17 lakhs under PMAY (G) to Odisha from the Awas plus list. During field verification of August – September, 2021, 5.6 lakh households from the identified 8.22 lakhs were found eligible for sanction of PMAY (G) houses. The hon. PM during his visit after Cyclone Fani committed to sanction 1.84 PMAY Special houses to the Cyclone Fani affected families. I request the hon. Minister of Rural Development to allow opening of the Awaas plus window for one month to accomplish the migration of data of 5.09 lakh households from Rural House Portal list to PWL through Awas plus and also include 1.84 lakh PMAY Special houses to the Cyclone Fani affected families as committed by the hon. Prime Minister in May, 2019.

HON. CHAIRPERSON: Dr. G. Ranjith Reddy – not present.

(xxi) Regarding resolution of water disputes between Rajasthan and other States

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री जी का राजस्थान राज्य के लंबित जल विवादों के शीघ्र निस्तारण करने की मांग की तरफ आकर्षित करते हुए यह बताना चाहता हूँ कि 31.12.1981 को पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्रियों के मध्य हुए रावी-व्यास नदियों के आधिक्य जल के बंटवारे के बारे में एक समझौता हुआ था और इसके अनुसार रावी-व्यास नदियों के आधिक्य जल में से कुल उपलब्ध 17.17 एम.ए.एफ. में से राजस्थान राज्य का हिस्सा 8.60 एम.ए.एफ. निर्धारित किया गया था और उसके बाद पंजाब सरकार उक्त समझौते के विरूद्ध पंजाब समझौता समाप्ति अधिनियम 2014 लेकर आई तब उसे भी माननीय उच्चतम न्यायालय की संवैधानिक पीठ ने राय देकर पूर्व में समझौते को सही ठहराया साथ ही राजस्थान को यमुना बेसिन राज्यों यथा हिमाचल, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व केन्द्र शासित प्रदेश दिल्ली के मध्य दिनांक 12.05.1994 को हुए समझौते के तहत 1.119 बीसीएम यमुना जल का आवंटन हुआ था। इस मामले में ताजेवाला हैड से राजस्थान को उसके हिस्से का पानी प्राप्त नहीं हो रहा है।

साथ ही भरतपुर जिले में भी उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा राज्य में अनधिकृत दोहन से यमुना का पूरा पानी प्राप्त नहीं हो रहा है। साथ ही हरिके बैराज पर स्थित इंदिरा गांधी फीडर के हैड वर्क्स रेगुलेटर की क्षमता 15,000 क्यूसेक से 18,500 क्यूसेक बढ़ाये जाने हेतु भी भारत सरकार के माध्यम से पंजाब सरकार को निर्देश देना अपेक्षित है ताकि बाढ़ जल की क्षति को रोका जा सके और वो पानी राजस्थान की जनता के काम आ सके।

भारत सरकार को राजस्थान की विस्तृत भौगोलिक स्थिति व मरूस्थल को देखते हुए राजस्थान के लंबित जल विवादों का जल्द से जल्द निस्तारण करने की जरूरत है ताकि राजस्थान में पानी की कमी काफी हद तक दूर की जा सके। इसके लिए केन्द्र को संबंधित राज्यों के साथ भी बैठक करके जल्द निर्णय लेना पड़ेगा। अन्यथा वर्षों से लंबित ऐसे मामलों के कारण राजस्थान को उसके हक व हिस्से का पानी उपलब्ध नहीं हो पाएगा।

(xxii) Regarding start of several flights from Belgaum

SHRIMATI MANGAL SURESH ANGADI (BELGAUM): Sir, Belgaum airport in the State of Karnataka has the distinction of being one of the oldest airports in the State, having been established and operated since pre-Independence era.

The city Is educationally forward with the establishment of the Visvesvaraya Technological University (VTU) and Rani Channnamma University (RCU). Besides having several engineering colleges, medical and dental colleges, the city is industrially forward too.

It has often been the persistent demand of the Constituency residents for the start of daily flight services on routes: (1) Belagavi-Bangalore (morning flight), (2) Belagavi-Gorakhpur (Uttar Pradesh), (3) Belagavi-Darbhanga-Gaya (Bihar), (4) Belagavi-Shirdi (Maharashtra), and (5) Belagavi-Varanasi with stress for the start of cargo services too.

The potential for further growth of the IT and BT Companies herein is exponential and the city is also a hub of industrial activities. Besides, many people from North Karnataka visit the holy shrines situated in North India frequently.

Belagavi airport has been chosen under UDAN Phase-3 and more than thirteen air services are already found operational. Hence, I request the hon. Minister of Civil Aviation to please look into the matter towards the early start of the above flight services on the said routes along with the start of cargo services. In this regard, I sincerely thank our hon. Prime Minister and hon. Civil Aviation Minister. Thank you.

———

15.18 hrs

WEAPONS OF MASS DESTRUCTION AND THEIR DELIVERY SYSTEMS (PROHIBITION OF UNLAWFUL ACTIVITIES) AMENDMENT BILL, 2022

HON. CHAIRPERSON: Item No. 17 – Minister of External Affairs.

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (DR. SUBRAHMANYAM JAISHANKAR): Sir, I beg to move:

> "That the Bill to amend the Weapons of Mass Destruction and their Delivery Systems (Prohibition of Unlawful Activities) Act, 2005, be taken into consideration."

Sir, the House is aware that India implements its international obligations responsibly and this is recognised by the international community. Weapons of Mass Destruction and Delivery Systems Act, 2005 prohibits unlawful activities in respect of biological, chemical, and nuclear weapons, and their delivery systems. The initial focus was on export controls because we thought at that time in 2005 mainly in terms of trade of goods and technologies.

In recent years, however, international regulations relating to weapons of mass destruction have been strengthened. In particular, the recommendations of the UN Security Council and the Financial Action Task Force (FATF) have mandated provisions against financing in relation to these weapons. Presently, there are no specific provisions in the 2005 legislation relating to prohibition or prevention of financing. So, there is a need to amend the WMD Act to do so.

The proposed Bill is intended to prohibit financing of prohibited activities under the Act or any relevant Act in relation to weapons of mass destruction. It also

proposes empowering the Central Government to freeze, seize or attach funds or financial assets or economic resources for preventing such financing or prohibit making available such funds and resources. This Bill is in our national interest. It is in our global interest. It strengthens our credentials and image. I commend it for consideration.

HON. CHAIRPERSON: Motion moved:

> "That the Bill to amend the Weapons of Mass Destruction and their Delivery Systems (Prohibition of Unlawful Activities) Act, 2005, be taken into consideration."

SHRI UTTAM KUMAR REDDY (NALGONDA): Chairman, Sir, thank you for giving me an opportunity to speak on the Bill to amend the Weapons of Mass Destruction and their Delivery Systems (Prohibition of Unlawful Activities) Act, 2005. As the Minister just stated, the new legislation prohibits the financing of weapons of mass destruction and their delivery systems. We cannot disagree with the Minister on the Bill. But however, I want to make a few observations and suggestions.

The entire Bill speaks about a person, an individual who finances weapons of mass destruction. Probably, you have only amended the original Act and not had a look at that. But I would like to suggest that more than individuals who finance weapons of mass destruction and their delivery systems, it is organisations; it is countries. Also, the original Act envisaged largely for Indian citizens and extra-territorial applications. But you should now consider that this Act applies to foreigners, foreign citizens where we have extradition agreements with the foreign countries. We all know who is financing the terror operations against India. There is

specific information about them regarding financing weapons of mass destruction. I think, FATF has also put Pakistan on the grey list. The Government of India needs to do more about countries financing weapons of mass destruction against India.

I would like to bring to the notice of the Minister, through you, that as far as weapons of mass destruction are concerned, I have personal knowledge. I have served in the Armed Forces of India. I have served on both China and Pakistan borders as a fighter pilot. It should be alarming that all of the Pakistani aircraft and the modern Chinese aircraft now are delivery systems for any of the weapons of mass destruction. They can deliver tactical nuclear weapons; they can deliver chemical weapons. So, on the one hand, you have the modern acquisitions by Pakistan and China and the present aircraft being able to deliver weapons of mass destruction and on the other hand, the Indian Air force with a sanctioned strength of 42 fighter squadrons has now come down to 28. I think, the Government should take a very, very serious note of this.

I would like to also bring to the notice of the Government, through you, that weapons of mass destruction were seriously used last in World War II when the cities of Hiroshima and Nagasaki were totally destroyed by an atomic bomb.

After that, for many decades, countries were afraid to use weapons of mass destruction. But of late, countries are becoming more brazen in using these weapons whether it is in Syria or in the present Russia-Ukraine conflict where the Russian President himself in his statement asked his nuclear forces to be alert.

I think, the Government of India must take note of this disturbing trend. The Government of India must also take note of the fact that the weapons of mass

destruction -- whether they are nuclear, chemical, or biological -- are now becoming far more potent and powerful. I would also like to caution the Government of India that drones are now being manufactured to carry weapons of mass destruction. This is an alarming situation. Now, we also have a situation where we have instability in our neighbouring country. Actually, anything is possible now.

Hon. Chairperson, Sir, I would like to mention a few points about proliferation financing, which this Bill talks about. Most countries use existing mechanisms against terrorism and money laundering to achieve non-proliferation financing. The FATF report on 'proliferation financing' suggests that countries must also raise awareness and help clarify the obligations on individuals, firms, and financial institutions to be vigilant to proliferation and proliferation financing as well as provide a basis within the country's legal framework to report suspicious financial activity. The present Bill does not mention either.

In order to fully achieve deterrence against proliferation financing, a level of international cooperation is required with respect to extradition. This is to avoid creating safe havens for violators of the law, and to ensure mutual legal assistance for investigation and prosecution against proliferation financing and against those who are financing weapons of mass destruction. However, at present, India has only around sixty extradition treaties or agreements with other nations.

Once again, I would like to mention about delivery systems. Please do not go by an earlier definition of delivery systems. Today, all fighter aircraft, in Pakistan and China, are capable of delivering weapons of mass destruction. The Government of India must take appropriate measures on that.

Sir, before I conclude, since you were speaking about … (*Interruptions*)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): …. the Indian aircraft are not capable of that. … (*Interruptions*)

SHRI UTTAM KUMAR REDDY: I cannot say that. … (*Interruptions*). Before I conclude … (*Interruptions*)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: A doubt is being raised that the Indian aircraft are not capable of that. … (*Interruptions*)

SHRI UTTAM KUMAR REDDY: At present, India's nuclear policy does not permit tactical nuclear weapons.

We are talking about weapons of mass destruction. We are talking about financing of weapons of mass destruction. From its inception, the institution of the National Security Advisor and the Deputy National Security Advisor is being somehow restricted to the Indian Foreign Service or Indian Police Service. It would be very appropriate if a military expert will also be the NSA or, at least, the Deputy NSA of this country. Thank you very much.

कर्नल (सेवानिवृत) राज्यवर्धन राठौर (जयपुर ग्रामीण): सभापति जी, आपने मुझे 'दि वैपन्स ऑफ मास डिस्ट्रक्शन एंड दियर डिलीवरी सिस्टम्स' (प्रोहिबिशन ऑफ अनलॉफुल एक्टीविटीज) अमेंडमेंड बिल पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, आप इमेजिन कीजिए कि एक थका हुआ इंसान पूरे दिन काम करके घर जा रहा हो और अचानक बिना किसी धमाके से, बिना किसी आग के 11 लोग मर जाएं और साढ़े पांच हजार लोग गंभीर रूप से घायल हो जाएं। ऐसा हुआ, टोक्यो के सब-वे के अंदर सरीन गैस केमिकल एजेंट लीक होने से ऐसा वहां हुआ। It was a terrorist attack. यह संभव है और भारत में भी हो सकता है। यह शुक्र की बात है कि वहां जो केमिकल एजेंट इस्तेमाल हुआ था, वह पुअर क्वालिटी का था। यदि वह बहुत पोटेंट क्वालिटी का

होता, तो बहुत तबाही मच जाती। उसी तरह 9/11 को अमरीका पर अटैक हुआ और उसके बाद अमरीका उससे उभर रहा था, उसके बाद लोगों के घरों में चिट्ठियां आनी शुरू हुईं। जो भी चिट्ठी खोलता था, वह मर जाता था। उसके अंदर एन्थ्रेक्स लेस्ड लैटर था। ऐसा भारत में भी हो सकता है। देश की सरकार की जिम्मेदारी देश के नागरिकों को सुरक्षित रखने की होती है।

इसीलिए यह जो अमेंडमेंट बिल आया है, यह इस देश को सुरक्षित करने के लिए आया है। छोटा राष्ट्र, रोग नेशन या कोई इंटरनेशनल टेररिस्ट ग्रुप, वे यह सब करने की संभावना रखते हैं और यह जो कैमिकल एजेंट्स, बायोलॉजिकल वेपन्स होते हैं, इनकी मैन्युफैक्चरिंग बहुत साधारण तरीके से होती है। आप किसी भी रिटेल स्टोर पर जाइए, वहां से अलग-अलग चीजों को खरीदकर और उनको जोड़कर आप केमिकल एजेंट बना सकते हैं। इसीलिए इस बिल को लाया गया है, ताकि इसे रोका जा सके। यह जो वेपन्स ऑफ मास डिस्ट्रक्शन है, इसका इस्तेमाल भी अनप्रेडिक्टेबल होता है। यह कहां तक, किस दूरी तक नष्ट करेगा, कितनी तबाही मचाएगा, इसका पहले से कोई एनालिसिस नहीं किया जा सकता है। आप तुलना करें कि यदि आप गोली चलाते हैं तो वह सही निशाने पर एक जगह जाकर लगती है, लेकिन वेपन्स ऑफ मास डिस्ट्रक्शन कॉबेटेन्ट्स और सिविलियन्स में कोई फर्क नहीं करते हैं। ये बड़े पैमाने पर तबाही मचाते हैं, उसके बाद ये इको सिस्टम को बर्बाद कर देते हैं। प्लांट्स, एनिमल्स से लेकर पूरे इको सिस्टम को ये बर्बाद कर देते हैं।

सर, ये कैमिकल वेपन्स हो सकते हैं, बायोलॉजिकल वेपन्स हो सकते हैं, रेडियोलॉजिकल वेपन्स हो सकते हैं और न्यूक्लियर वेपन्स भी हो सकते हैं। इन सबके डेवलपमेंट पर निगाह रखी जा सके, इनकी फाइनेंसिंग कैसे हो रही है, उन लोगों पर भी निगाह रखी जा सके, इसलिए यह बिल लाया गया है। मैं अभी की बात नहीं करता हूं, मैं वर्ष 2014 की बात करता हूं, जब हमारी नई सरकार बनी थी। उस समय एक लोक नीति सर्वे हुआ, जिसमें यह पूछा गया कि वह कौन सी पार्टी है, जो देश की सुरक्षा को सर्वोपरि मानती है? Who are you most confident in national security? 31 परसेंट लोगों ने बीजेपी को मोस्ट ट्रस्टेड पार्टी कहा, जो देश की सुरक्षा को सर्वोपरि मानती है।

यह केवल वर्ष 2014 की बात है। इसके बाद तो अनेक ऐसे काम हुए हैं, जो सरकार ने किए हैं, जिनसे देश की सुरक्षा हुई है। मोदी जी का प्रधान मंत्री बनने से पहले एक इंटरव्यू हुआ था, जिसमें उनसे पूछा गया कि जब कोई आतंकी ग्रुप या रोग नेशन हमला करता है, तो आप किस तरह से जवाब देंगे? उन्होंने कहा कि मैं उन्हीं की भाषा में जवाब दूंगा। आज जब सर्जिकल स्ट्राइक्स या एयर स्ट्राइक्स हो रही हैं, ये भारत का उन्हीं के तरीके से जवाब देने का एक उदाहरण है। आज देश सिक्योर हो रहा है और टेररिज्म के ऊपर जीरो टॉलरेंस है। प्रधान मंत्री जी द्वारा इंटरनेशनल एंटी टेरर अलायंस बनाया जा रहा है। जो वर्ल्ड ऑडर है, उसमें भारत अपने-आप में उभर रहा है। बदलती वैश्विक व्यवस्था के अंतर्गत भारत बदल रहा है।

DR. FAROOQ ABDULLAH (SRINAGAR): I want to remind that when Shri Vajpayee Ji was the Prime Minister, Kargil war took place. It was he who ordered the Air Force to strike with whatever weapons they have so that the war could be ended and he succeeded. I think, as you were in the Army, you knew how many casualties you would have had. It was his decision, master decision, to use whatever you have and destroy the enemy in those very bunkers, that were our bunkers, that they were sitting in. You must be clear about it. He did it and he did it with firm determination.

कर्नल (सेवानिवृत) राज्यवर्धन राठौर: सर, बदलती वैश्विक व्यवस्था के अंतर्गत आज भारत का स्थान और मजबूत होता जा रहा है। There are possibilities for India to emerge even stronger. भारत का मानवता हेतु हमेशा एक बड़ा रोल रहा है। केवल अभी ही नहीं, बल्कि सदियों से ऐसा रोल भारत का रहा है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' महाउपनिषद् में ऋग्वेद के अंदर लिखा हुआ है। इसे हम अपने सिद्धांत मानते हैं और अगर हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते है, तो पूरी दुनिया को साथ लेकर चलना भी बहुत जरूरी है। उसी को ध्यान में रखते हुए प्रधान मंत्री जी ने न केवल देश की सुरक्षा को मजबूत किया, बल्कि दूसरे देशों से बात करके इस तरह के नियम भी बनाने शुरू किए, ताकि एक एंटी टेरर अलायंस तैयार हो सके। ब्रिक्स देशों में पूरी दुनिया की 41 प्रतिशत आबादी रहती है। वहां पूरी दुनिया की 24 परसेंट जीडीपी है। उनके

साथ एक काउंटर टेरजिज्म प्लान अडॉप्ट किया गया है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने उन्हें यह अडॉप्ट करने के लिए प्रेरित किया। उसी तरह से जी-20 समिट के अंदर Comprehensive global strategy to combat terrorism and a greater role for United Nations. इसके लिए प्रधान मंत्री जी ने जोर दिया। यूएस के प्रेसिडेंट के साथ बायलेट्रल वार्ता, दूसरे देशों के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्रियों के साथ उन्होंने बात की। पूरी दुनिया के अलग-अलग राष्ट्रों से इस संबंध में बातचीत हुई कि किस तरह से सारे देश एकत्र होकर एक एंटी टेरर प्लेटफार्म बना सकते हैं?

उसी का नतीजा है, जब प्रधानमंत्री जी ने कहा कि यूनाइटेड नेशंस को और मजबूत करना चाहिए तो आज जो बिल आ रहा है, वह यूनाइटेड नेशंस की विचारधारा से आ रहा है, उनकी सोच के हिसाब से आ रहा है।

प्रधानमंत्री जी ने 75वीं यूनाइटेड नेशंस जनरल असेम्बली के अंदर आतंकवाद के ऊपर अपनी आवाज उठाई। स्मगलिंग ऑफ इल्लीगल वेपन्स के ऊपर आवाज उठाई, ड्रग्स और मनी लॉन्ड्रिंग के ऊपर उन्होंने अपनी बात रखी। अभी हाल ही में इंडिया के जो डिप्टी, यूनाइटेड नेशन के जो परमानेंट रिप्रेजेन्टेटिव हैं, उन्होंने बॉयोलॉजिकल और टॉक्सिन वेपन्स के ऊपर जो कन्वेंशन है, उसको और मजबूत करने की बात रखी है। भारत लगातार दुनिया की ताकतों को प्रेरित कर रहा है कि इस तरह के कानून बनें ताकि आतंकवादी को कहीं छिपने की जगह न मिले। ये जो weapons of mass destruction हैं, ये non-State actors, terrorist outfits के पास ये पहुँच सकते हैं और उससे बड़े पैमाने पर तबाही मच सकती है। जिस तरह से मैंने कहा कि अभी तक जो वर्ष 2005 का कानून था, वह सीमित था। उस कानून को और मजबूत किया गया है। अब सरकार ऐसे व्यक्ति, जो weapons of mass destruction के अंदर शामिल हैं, उनकी फंडिंग के लिए, उनके ट्रांसपोर्टेशन के लिए, किसी भी तरह जो उसमें सम्मिलित हैं, उनके अकाउन्ट्स, उनकी सम्पत्ति को फ्रीज करने की ताकत रखता है। वर्ष 2005 का जो कानून था, वह बहुत सीमित था। वह सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग के ऊपर फोकस था कि जो मैन्युफैक्चर करेगा, उसके ऊपर कानून लगाया जा सकता है। क्या सरकार इंतजार करेगी कि जब तक पूरा का पूरा weapon of mass destruction मैन्युफैक्चर हो तभी वह उस व्यक्ति के ऊपर कार्रवाई कर सके? उसमें तो बहुत देर हो

